# हँसता-खेलता बचपन



**शिक्षण संकेत :** बच्चों को चित्र दिखाकर उनसे बातचीत करें। जहाँ चित्र में रंग न हो, वहाँ रंग भरवाएँ।



# वर्णमाला गीत

आओ बच्चो गाएँ गाना,
स्वरों को हमने पहचाना।
गाओ–गाओ मिलकर गाओ,
ताली बजाओ और दोहराओ।
अ आ इ ई उ ऊ
ऋ ए ऐ ओ औ
अब हम गाएँ व्यंजन गीत,
झूम–झूमकर सब लो सीख।
क ख ग घ ङ
च छ ज झ ञ
ट ठ ड ढ ण
त थ द ध न
प फ ब भ म
य र ल व भूल न जाना।
श ष स ह गुनगुनाना।
क्ष त्र ज्ञ श्र भी दोहराना।
हम सब मिलकर नाचें–गाएँ,
वर्णों को सीखें–सिखलाएँ।
यदि बार–बार दोहराएँगे तो,
हम कभी भूल नहीं पाएँगे।



# आलसी खरगोश

चित्रकथा

## ✦ देखो, पढ़ो और कहानी समझो :




**शिक्षण संकेत :** बच्चों से एक-एक चित्र देखने को कहें। हर एक चित्र पर एक-दो प्रश्न पूछें जिससे कहानी बन जाए। कहानी सुनाएँ और सुनें। कहानी का अभिनय करवाएँ। बच्चे मुखौटे पहनकर मुरगी और खरगोश की तरह चलें और बोलें।


तुम दे दो,
मैं थका हूँ।
भैया, दाने पक गए हैं।
अब तो आ जाओ।
तुम काटना शुरू करो,
मैं थोड़ी देर में आता हूँ।
देखो, मैं
आ गया।
नहीं रहने दो! मैंने बोया, पानी दिया और काटा
भी। अब दाना मैं और मेरे बच्चे ही खाएँगे।

# मैं और मेरा परिवार

मेरा नाम ..................................................

अपना फ़ोटो लगाएँ

मेरी माता जी का नाम ..................................................

मेरे पिताजी का नाम ..................................................

मेरे भाई/बहन का नाम ..................................................

मैं कक्षा .......................... में पढ़ता हूँ।

हमारे घर का पता ..................................................

..................................................

परिवार का फ़ोटो लगाएँ।

अ

# 1 ‘अ’ की मात्रा



फल



शलजम



बतख

## ✦ बोलकर पढ़ो :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अब | जब | सब | बस | दस | यश |
| कलम | नरम | हवन | नहर | शहर | फहर |
| मलमल | दलदल | दमकल | शरबत | झटपट | थरमस |

बहन इधर आ।

बतख मत पकड़।

यश अब इधर आ।

अचकन पहन कर चल।

थरमस इधर रख।


बस आ गई।

बस पर चढ़।

## मिलाकर शब्द लिखो :

| | | |
|---|---|---|
| ब + स | – | .................. |
| ख + त | – | .................. |
| अ + म + न | – | .................. |
| म + ट + र | – | .................. |
| क + ट + ह + ल | – | .................. |
| उप + वन | – | .................. |

**शिक्षण संकेत :** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को समझाएँ कि ‘अ’ की कोई मात्रा नहीं होती। हिंदी के सभी व्यंजनों में ‘अ’ मिला होता है।



# गगन झटपट उठ

गगन उठ। आठ बज गए।
आलस मत कर।
करवट मत बदल।
अजय व अमर टमटम
पर आ गए।
टमटम पर चढ़।
यह कटहल रख।
सब टमटम पर चढ़ कर
शहर गए।

# बरस-बरस

बरस-बरस, जल बरस-बरस,
पल-पल बरस, जम कर बरस।
सब जगह जल भर कर बरस।
थल, गगन सब जगह हलचल,
चमक-चमक कर, गरज-गरज कर,
बरस-बरस, जल बरस-बरस।

#  अभ्यास


## 1. चित्रों को पहचानो और नाम पूरे करो :



....थ




....स




....टर



बत....



....बड़



....टहल



....लजम



थर....स

## 2. दिए चित्रों को उनके नाम से मिलाओ :







कमल

खरल

फल







बरतन

खत

शरबत

## 3. मिलाकर शब्द लिखो :

य + श = ..................

न + थ = ..................

म + ह + ल = ..................

ब + त + ख = ..................

उ + प + व + न = ..................

ब + च + प + न = ..................

झ + ट + प + ट = ..................

द + म + क + ल = ..................


## 4. चित्र देखकर वाक्य पूरे करो :



.................. उठ।



.................. चख।



.................. पर चढ़।



.................. पर मत टहल।

## 5. खाली स्थान पर सही शब्द लिखो :

क. .................. आ गई। 

ख. .................. मत पकड़।

ग. .................. इधर रख।

बस/रथ

कलश/बतख

थरमस/शरबत

## 6. चित्रों में रंग भरो :

